अनारकली

किमत १० पैसे

अनारकली के गाने

कलाकार--बिना रॉय, प्रदीपकुमार वगैरे

१-ऐ बादेसबा आहिस्ता चल यहां सोई है अनारकली
आंखोंमें जलवे सलीमके लिए खोई हुई है अनारकली
है शहिदे इश्कका ये मकबरा जरा चल अदबसे ऐ सबा
तुझे याद हो की न याद मुझे याद है वो माजरा
और याद है मुझे वो घडी जब मिलने थे वो प्यारसे
यहां इश्क था वहां प्यार था जहां चली है
वो प्यारसे इतराके अनारकली
तो कहां सलीमन हंसहंस के यह अपनी अनारसे
तू कहे तो तार को तोड दूं तू कहे तो ताजभी छोडदूं
जरा देख यह क्या हवा चली ना रहा सलीम न अनारकली
यह मजार निशानी है प्यारकी उस दर्द भरे करारकी
किसी भोरके इंतजारमें यहां सोई कली अनारकी

२-अनारकली-आ आ ऽ यह जिंदगी उसीकी है
जो किसीका होगया प्यारही में खोगया, यह जिंदगी...
ये बहार ये समां कह रहा है प्यार कर
किसीकी आरजू में अपने दिलको बेकरार कर
जिंदगी है बेवफा २ लूट प्यारका मजा, यह...
धडक रहा है दिल तो क्या दिलकी धडकने नें गिन
फिर कहां ये फुरसते फिर कहां ये दिन रात
आ रही है सदा मस्तीओंमें डूब जा ये जिंदगी

३— वफा की लाज रह जाएगी आजा तेरे आनेसे
मोहब्बतकी नजर नीची न होजाए जमाने आ जाने वफा
कहते है जिसे प्यार जमाने को दिखादे
दुनियां की नजर इश्कके कदमोंपे झुकादे, आ जाने
आजाए मेरा नाज उठानाही पडेगा
जब प्यार किया है तो निभाना ही पडेगा
आ जिनके लिए जानकी बाजी भी लगादे
दुनियां की नजर
आ प्यारके तूफान में लहराके चला आ
हर कैदको हर रस्मको ठुकराके चला आ
आशिक है तो हर चीज मोहब्बत में लुटादे
दुनियां की नजर
दिवाना मोहब्बतका कहीं डर के रुका है
दरबारमें शाहोंके कहीं इश्क झुका है
खुद इश्कके दरबारमें शाहोंको झुकादे

—४—

अनारकली-आजा अबतो आजा, आजा अबतो आजा
मेरी किस्मतके खरीदार, अब तो...
निलाम हो रही है मेरी चाहत भर बाजार
आजा अबतो..
सबने लगाई बोली ललचाई हर नजर में तेरी हो चुकी हूं
दुनियां है बेखर जालिम बडे भोले है मेरे ये तलबगार

हसरत भरी जवानी ये हुस्न ये शबाब
रंगिन दिलकी महफिल मेरे हसीन ख्वाब
मोवा की मेरी दुनिया लूटने को है तैयार अबतो

६—अनारकली—दिलकी लगी क्या ये कभी दिल लगाके देख
आसूं बहाके देख कभी मुस्कुराके देख परवाना जल रहा है
मगर जल रहा है क्यूं ये राज जानना है तो खुदको
जलाके देख मुझसे मत पूछ मेरे इश्कमें क्या रखा है
एक शोला है जो सीनेमें छुपा रखा है मुझसे मत...
दागे दिल दागे जिगर दागे तमन्ना लेकर मैने
विरान बहारोंको सजा रखा है मुझसे मत
है जमाना जिस बेताब मिटाने क लिए मैने उस यादको
सीनेसे लगा रखा है मुझसे मत पूछ...
देखनेवाले मुझे दरदे मोहब्बतकी कसम
मैने इस दर्द में दुनियां को भुला रखा है

—७—

अनारकली—दुआ कर गमे दिल खुदासे दुआ कर
वफ़ाओंका मजबूर दामन बिछाकर
जो बिजली चमकती है उनके महलपर
वो करले तसल्ली मेरा घर जलाकर दुआ कर
सलामत रहे तू मेरी जान जाए
मुझे इस बहाने से ही मौत आए
करुंगी क्या मै चंद सांसे बचाके दुआ कर

मै क्या दूं तुझे मेरा सब लूट चुका है अब दुआके सिवा
मेरे पास और क्या है गरीबोंका एक आस रही खुदा है
मगर मेरी तुमसे यही इलतजा है न दिल तोडना
दिलको दुनियां बसाकर दुआ कर गये...
वफ़ाओंका मजबूर दामन...

८— आ आ ऽ
जाग दरदे इश्क जाग दिलको बेकरार कर
छेडके आंसुओंका राग जाग दरद जाग
आंच जरा लगी तेरी सारा जहां सोगया
ये जमीन सोगई ये आसमान सोगया
सोगया प्यार का सुहाग सोगया, जाग...

अनारकली—आ आ आ ऽ
किसको सुनाऊं दास्तां किसको दिखाऊं दिलका दाग
जाऊं कहां कितनी दूरतलक जलता नहीं कोई चिराग
राख बन चुकी है आग दिलको बेकरार कर
छेडके आंसुओं का राग-जाग दरदे..
ऐसी चली हवाये गम ऐसा बदल गया आसमां
रूठके मुझसे चल दिए मेरी खुशी कारवां...
डस रहे है गमके नाग-जाग दरदे...

—९—

अनारकली—इस इंतजार शोक को जलवो की आंस है
एक शमां जल रही है वो भी उदास है

मोहब्बत ऐसी धडकन है जो समझाई नहीं जाती
जबांपर दिलकी बेचैन कभी लाई नहीं जाती
कभी लाई नहीं जाती मोहब्बत ऐसी...
चले आओ चले आओ ताकद है निगाहोंका
किसीकी आरजू ऐसे तो ठुकराई नहीं जाती
मोहब्बत ऐसी धडकन है...
मेरे दिलने बिछाए है सजदे आज राहोंमें
जो हालत आशाकी है वो बतलाई नहीं जाती

—९—

अनारकली-मेरी तकदीर मुझे आज कहां लाई है
शीशा शीशा जहां मेरी तमाशाई है
मुझे इल्जाम न देना मेरी बेहोशी का
मेरी मजबूर मोहब्बत की रुसवाई है
मोहब्बत में ऐसे कदम डगमगाए
जमाना ये समझा के हम पिके आए
जिसे काम हो रात दिन आंसुओंसे उसे हुकूम
ये है हंसे और हंसाए
जमाना ये समझा के हम पिके आए, पिके आए
किसीकी मोहब्बतमें मजबूर होकर
हम उनतक तो पहुंचे वो हम तक न आए
वो जिनके लिए जिंदगानी लुटादी
ये बैठे हुए है मेरा दिल चुराए

जमाना ये समझा के हम पिके आए
छुपीगे कहांतक नजर तो मिलाओ तुम्हारी बला के
मेरी जान जाए, जमाना ये समझा...

-१०-

जिंदगी बेबस हुई बेकसी का साथ है
एक हम है कफसमें या खुदा की जात है
ओ आसमान वाले शिकवा है जिंदगीका
सुन दास्तान गमका अफसाना बेकसी का
तू देखता रहे और दुनियां हमें सजादे
क्या जुल्म है मोहब्बत इतना जरा बतादे
मंजिल पे क्यूं लूटा है ये कारवां खुशीका
ओ आसमान वाले शिकवा है जिंदगीका, सुन...
इतनीसी इल्तजा है तुझसे मेरी दुआ की
अल्लाह शर्म रखना दुनियामें तू वफा की
होता है मोतहीस अंजाम जिंदगीका
ओ आसमान वाले शिकवा है

-११-

अनारकली-आ आ ऽ
यह जिंदगी उसीकी है जो किसीका होगया
प्यारही में खोगया, ये जिंदगी उसीकी है
जो दिल यहां न मिल सके मिलेंगे उस जहांन में
खिलेंगे हसरतो के फूल जाके आसमान में

ये जिंदगी उसीकी है जो किसीका होगया
प्यारही में खोगया; ये जिंदगी...
सुबाएगी ये दास्ताने शमां मेरे मजार की
फिजांमें भी खिली रहेगी य कली अनारकी
इसे मजार मत कहो य महल है प्यार का
ये जिंदगी २ की शाम आ तुझे गले लगाऊं मै
तुझीमें डूब जाऊं मै जहांको भूल जाऊं मै
बस एक नजर मेरे सनम अलविदा २

—१३—

जिंदगी प्यारकी दो चार घडी होती है
चाहे थोडी भी हो ये उमर बडी होती है, जिंदगी...
ताज हो तख्त हो या दौलत हो जमाने भरकी
कौनसी चीज मोहब्बतसे बडी होती है, जिंदगी...
दो मोहब्बत भरे दिल प्यारसे मिलते हो जहां
सबसे अच्छी वो मोहब्बत की घडी होती है
जिंदगी प्यार की...

प्रकाशक--एफ. बी. बुरहानपूरवाला, सेंट्रल प्रकाशन, सिंपलेक्स बिल्डिंग, पाववाला स्ट्रीट, कृष्णासिनेमा न्यू चानिंरोड, बंबई ४
मुद्रक--सज्जाद हुसेन कुर्बान हुसन
बाकीर प्रिंटिंग प्रेस, मुझफराबाद हॉल, ग्रांट रोड, बंबई ७